बापूके आशीर्वाद

बापू से मिला
हुआ प्रसाद —
माला और
थैली

•

आनंद
हिंगोरानी

बापुके आशीर्वाद
(रोज के विचार)
मो. क. गांधी
१

बापूके आशीर्वाद

—(रोज़ के विचार)

20-११-४४ : १८-८-४५

१

मो. क. गांधी

विद्या को

दो शब्द

एक पवित्र आत्मा की स्मृति में और एक बिछुड़ी हुई आत्मा के संतोष के लिये बापू ने यह "रोज़ के विचार" लिखने आरंभ किये। दोनों की बापू बहुत क़द्र करते थे। अपने "रोज के विचार" लिखने के क्रम को उन्होंने बिरले ही तोड़ा।

विद्या (जिसकी स्मृति में यह विचार लिखे गये हैं) की जन्मपत्री में उसे "ऋषिकन्या" के नाम से ही संबोधन किया गया था। बापू उसे बड़ी साध्वी मानते थे। मुझे अपने जीवन में ऐसी आत्माओं का परिचय शायद ही हुआ हो।

मुझे खेद है कि विद्या के पवित्र जीवन से हम पूरा लाभ न उठा सके। परन्तु उसकी स्मृति में बापू के लिखे हुए यह "रोज़ के विचार" भी शिक्षा के सागर हैं। कैसा अच्छा हो यदि इस सागर में से मोती चुन कर हम अपना जीवन सफल करें!

१ यार्क प्लेस, नई दिल्ली
२० अगस्त, १९४८

जैरामदास दोलतराम

भूमिका

यह प्रथम बार नहीं जब कि मैं किसी पुस्तक के लिये भूमिका लिखने बैठा हूं। इससे पहले कई बार "गांधी सीरीज़" की पुस्तकों के लिये प्रस्तावनाएं लिखने का अवसर मिला है। किंतु आज और उस समय की मनोभावनाओं में कितना अंतर है! आज मुझ में न वह उत्साह है, न वह उल्लास। उसकी जगह मैं अपने को दुःख और शोक से घिरा हुआ पाता हूं।

मेरा बापू कहां है?—मेरा बापू जिसके पास मैं न केवल पुस्तकों के विषय में सलाह लेने के लिये जाता था, परंतु अपने जीवन के सब संकटों और संशयों में भी दौड़ कर जिसकी शरण लेता था। बापू सचमुच 'बापू' थे। वही मेरे जीवन का बल और सहारा थे।

यह लिखते हुए कई घटनाएं याद आती हैं और मन भर आता है। जब मानसिक वेदना से पीड़ित मैं बापू के पास जाकर उनके चरण-कमल छूता था और वह अपनी स्वाभाविक मुसकुराहट से मेरी पीठ पर ज़ोर से आशीर्वाद की थपकी लगा कर पूछते थे: "आनंद, कैसा है?" उस समय ऐसा लगता था, मानो मन का आधा बोझ एकाएक कम हो गया हो। फिर किस प्रकार बापू मुझे ढाढ़स देते थे, उस अलौकिक प्रेम का स्मरण-चिह्न रूप और साक्षी यह सारी पुस्तक ही है।

सब से बड़ी घटना जिसने मेरे दिल को भारी चोट पहुँचाई, वह थी मेरी पत्नी विद्या की अकाल मृत्यु। बापू के अलावा यदि मुझे किसी और से प्रेरणा मिलती थी, तो वह विद्या से। वही मुझे पहले-पहल बापू के पास साबरमती आश्रम में भेजने का कारण हुई थी। बापू उसे अपनी बेटी मानते थे और उन्होंने काफ़ी समय तक उसे अपने पास आश्रम में भी रखा था। सच तो यह है कि बापू और विद्या, ये दो व्यक्ति ही मेरे जीवन में परिवर्तन लाने के हेतु थे। यदि वे न होते, तो पता नहीं मैं आज कहां और किस हालत में होता!

२० जूलाई, १९४३ को जब विद्या इस संसार से विदा हो गई, तब मुझे ऐसा जान पड़ा मानो सारा संसार मेरे लिये सूना हो गया। एक बापू ही थे जो मेरे दुःखी मन को आश्वासन दे सकते थे, लेकिन उस समय वह मेरी पहुँच से बहुत दूर, आग़ाखां महल, पूना, में थे। जब बापू ६ मई, १९४४ को छूटे तब मैं लखनऊ में अपने कान का इलाज करवा रहा था। बापू से मिलने के लिये अधीर-सा हो उठा, इस कारण उनको एक तार मुंबई भेजा, जिस में मैंने लिखा था कि मैं अपने को कितना अकेला महसूस कर रहा हूं। कान का इलाज अधूरा ही छोड़ कर मैंने उनके पास जाने की आज्ञा मांगी। उसके उत्तर में बापू ने यह तार भेजा:

"अपने को अकेला समझने की तुम्हें इजाज़त नहीं है। ईश्वर ही हमारा निरंतर साथी है। कान का इलाज पूरा करवा कर आ सकते हो।"

इस तार से मुझे कुछ धीरज तो मिला, किंतु चित्त की शांति न पा सका। इसलिये बापू को इस संबंध में एक पत्र लिखा, जिस के उत्तर में बापू ने २ जून, १९४४ को इस प्रकार लिखा :

"तुम्हें अब शोक करना छोड़ देना चाहिये। जो कुछ तुमने पढ़ा और पचाया है, उस सबसे सहारा लो। एक सच्चा विचार भेजता हूं जो कि मुझे एक बहन ने भेजा है। उसे अंतर में उतार लो। विद्या मरी नहीं है। वह तो अपना शरीर, जिस में वह निवास करती थी, यहां छोड़कर चली गई है, और उसने अपने योग्य दूसरा शरीर धारण कर लिया है।"

और इस खत के साथ-साथ बापू ने अंग्रेज़ी में छपा हुआ वह 'सच्चा विचार' भी भेज दिया था जो कि उन्हें पूज्य कस्तूरबा की मृत्यु पर एक पश्चमी महिला, श्रीमती ग्लेन० ई० स्नाईडर, ने ग्राईम्स (अमेरीका) से आश्वासन देने के लिये भेजा था :

"यह ठीक नहीं, ऐसा मत कहो
कि वह मर गई है। वह सिर्फ़ हमसे दूर चली गई है!
प्रसन्नतापूर्ण मुस्कान के साथ,
बिदाई का संकेत करते हुए
वह एक अनजाने देश में चली गई है,
और हमें यह कल्पना करते हुए छोड़ गई है
कि कितना सुंदर वह देश होगा जहां उसने बसना पसंद किया है!
यह समझो कि उसे वहां भी वैसा ही प्रेम प्राप्त है
जैसा कि उसे यहां प्राप्त था;
यह समझो कि वह अब भी वैसी ही है, और कहो—
वह मरी नहीं, सिर्फ़ हमसे दूर चली गई है!"

फिर २० जून, १९४४ को एक पत्र में बापू ने लिखा :

"विद्या की मृत्यु पर तुम हर समय विचार न किया करो और न विचलित ही हो। यदि ज़िंदा रहते हुए वह तुम्हारे जीवन में प्रेरणा देती थी, तो अब, जब कि वह अपने विश्रामघर गई है, और भी अधिक प्रेरणा तुमको उससे मिलनी चाहिये। मेरी समझ में तो आत्माओं के सच्चे ऐक्य का यही अर्थ है। इसका अत्युत्तम उदाहरण ईसा का है, और आधुनिक काल में रामकृष्ण परमहंस का। मरने के बाद वे और भी प्रभावशाली बने। उनकी आत्मा कभी मरी नहीं और ऐसे ही विद्या की भी आत्मा नहीं मरी है। इसलिये तुम्हें शोक करना अवश्य छोड़ देना चाहिये, और सामने आनेवाले कर्तव्य का ही विचार करना चाहिये।"

फिर १९ जूलाई, १९४४ को एक पत्र में उन्होंने लिखा :

"विद्या बड़ी साध्वी थी। उसका हृदय सुनहरी था। उसकी त्याग की इच्छा बड़ी थी। उसका प्रेम समुद्र-सा था। तुमको उसके लायक़ बनना है।"

इस प्रकार पत्र-व्यवहार द्वारा बापू मुझे शांति-पाठ सिखाते रहे। जब कुछ दिनों के बाद उन्होंने लिखा कि वह ३० सितम्बर, १९४४ को सेवाग्राम जा रहे हैं, और अगर मुझे उनसे मिलना है तो मैं भी वहां जा सकता हूं, तब मैं अपने आपको रोक न सका, और शीघ्र वहां पहुँच गया। बापू के पास पहुँचने पर पहले तो अपने दुःख को दबा कर खुश रहने का मैंने प्रयत्न किया, लेकिन उसमें सफल न हो सका। इसलिये एक दिन, प्रातःकाल की प्रार्थना के बाद, मैं बापू के पास चला गया। उस समय वह मच्छरदानी के अंदर लेटे हुए थे। मैं अपना सिर उनकी छाती पर रख कर खूब रोया। क़रीब घण्टे भर तक मैं ऐसे सिर झुका कर बैठा रहा और बापू बड़े प्यार से आश्वासन के मीठे मीठ शब्द मेरे कान में बोलते रहे। बस, उस दिन से रोज़ प्रातःकाल बापू के पास जाकर इस प्रकार अपने दुःखी मन को शांत करने का मेरा नियम-सा बन गया।

सेवाग्राम आश्रम में पूरे दो मास रहा। जो बहुमूल्य समय मैंने इस प्रकार अपने प्यारे बापू के साथ बिताया और जो प्रेम उन्होंने मुझ पर बरसाया, उसे मैं कैसे भूल सकता हूं! आज भी यह सोच कर कि किस भाँति बापू मुझे अपने बच्चे की तरह समझाते थे, मेरी आँखों में पानी आ जाता है! बापू न केवल उस समय हमदर्दी दिखाते और धीरज देते, बल्कि यह विचार कर कि अपने दुःख में मैं उनके उपदेश कहीं भूल न जाऊं, वह काग़ज़ पर भी कुछ लिख देते, और मुझे उस पर दिन भर मनन करने के लिये कहते। १३ अक्तूबर, १९४४ से १५ दिन तक बापू लगातार लिखते रहे और उसके बाद कभी कभी। यह तब तक चलता रहा जब तक उन्होंने मुझे नैसर्गिक उपचार के लिये भीमावरम् भेजा।

मैं समझता हूं कि मेरे दुःखी दिल को सांत्वना देने के लिये जो कुछ भी बापू ने उन दिनों लिखा वह सबके लिये सहारा रूप हो सकता है—विशेषकर आज जब बापू अपने स्थूल शरीर से हमारे पास नहीं हैं। परंतु यह सब भूमिका में देना मुश्किल-सा लगता है। इसलिये केवल कुछ दिनों के विचार यहां दिये जाते हैं:

"जो सिर्फ़ ईश्वर का सहारा लेते हैं, वे मनुष्य का सहारा नहीं लेंगे, चाहे वे मरे हों चाहे ज़िंदा। यदि तुमने इसे पचा लिया, तो तुम कभी शोक नहीं करोगे।"

१३–१०–४४

"तुम 'ट्राइ अगेन' ('फिर से कोशिश करो') वाली कविता जानते हो? दुःख से लाचार बनने की तुम को इजाज़त नहीं है। दूसरा सब भरोसा निकम्मा है, एक ईश्वर पर ही विश्वास रखो। विद्या की मौत से यही शिक्षा मिलती है। तुम्हारे प्रेम की परीक्षा हो रही है।"

१४–१०–४४

"ईश्वर की कृपा ईश्वर का काम करने से आती है। तुमको ईश्वर का काम करना है। कभी चरखा चलाता है? चरखा चलाना सब से बड़ा यज्ञ है। रोते रोते भी चरखा चलाओ।"

१५–१०–४४

"शांति में, सुख में तो सबकुछ होता है। चरखा दुःखी का, भूखों का, सहारा है। दुःख में तो छूटना ही नहीं चाहिये।"

१६–१०–४४

"तुम्हें अपनी दिनचर्या ऐसी बना लेनी चाहिये कि एक क्षण भी फ़ुरसत न मिले। यही मृत प्रियजनों के प्रति सच्चा प्रेम है। अंग्रेज़ों को देखो। वे भी अपने प्रियजनों को प्यार करते हैं, लेकिन जब वे प्रियजनों से जुदा होते हैं तो और भी अधिक अपने को सेवाकार्य में समर्पण कर देते हैं।"

१७–१०–४४

"मुए ज़िंदों को कुछ भेजते हैं, उसका हमें पता नहीं चलता है; लेकिन ज़िंदे मुओं को भेजते हैं, यह निःसंदेह है। इसलिये हम उनके पीछे कभी न रोयें।"

"ईश्वर-कृपा (Grace) ईश्वर का काम करने से आती है। ईश्वर के काम शरीर से, मन से, वाणी से, दुःखी की सेवा करने से होते हैं।"

१८–१०–४४

"ऐसा सोचो कि ग़रीब आदमी तुम्हारी हालत में क्या कर सकता है। उसकी पत्नी मर जाय, तो वह दुगुना काम करेगा। वह भी ईश्वर का भक्त है। भीतर का आनंद ईश्वर का काम करने से ही पैदा होता है। हम सब अपने को ग़रीब की हालत में रख दें। बहरेपन को ईश्वर की बख्शीश समझो। एक क्षण भी बग़ैर काम के रहना ईश्वर की चोरी समझो। मैं दूसरा कोई रास्ता भीतरी या बाहरी आनंद का नहीं जानता हूं।"

"सबसे अच्छा तरीक़ा तुम्हारे लिये २० ता० मनाने का तो यह है कि तुम सारा दिन सूत कातते रहो, या अपनी रुचि के अनुसार आश्रम के कोई भी काम में लगे रहो, और उसके साथ रामनाम को जोड़ दो।"

"(ग़रीबों को खिलाना) बिलकुल ग़ैरज़रूरी है। जिन्हें सचमुच ज़रूरत हो, उन्हें तुम भले ही कुछ दे सकते हो।"

१६–१०–४४

"आज का दिन तुम्हारे लिये शुभ दिन है। विद्या को मैंने काफ़ी रुलाया था। वह तुम्हारे जैसे रो देती थी और कहती थी: 'भगवान बताओ'। मैंने उसे डाँटा और कहा: 'भगवान को चरखे में देखेगी।' आखिर समझ गई।"

"हम यंत्र हैं और यांत्री भी। शरीर यंत्र है, आत्मा यांत्री। आज तुम्हें इस यंत्र से यंत्रवत् काम लेना है और मुझे हिसाब देना है।"

२०–१०–४४

"मनुष्य जिसका ध्यान करता है, उसके मारफ़त ईश्वर को निश्चित देखता है। चरखा सबसे अच्छा प्रतीक है, और उसका दृश्यफल भी है।"

"मनुष्य को मनुष्य का सहारा चाहिये, इसलिये तो आश्रम वग़ैरा संस्थायें रहती हैं। मनुष्य का सहारा सान्निध्य से ही होता है, ऐसा नहीं है। कोई डाक द्वारा करते हैं, कोई सिर्फ़ विचार से, कोई मरे हुए के सद्वचनों से, जैसे हम तुलसीदास से रोज़ मिलते हैं।"

२१–१०–४४

"आशा अमर है। उसकी आराधना कभी निष्फल नहीं होती।"

२२–१०–४४

"मेरे पास बैठने में कोई हानि नहीं है, लेकिन ऐसे वक़्त पर, जैसे महादेव करता था और कृपालाणी, तकली चलाना। पीछे ईश्वर के समय की चोरी नहीं होगी। तकली हमारा मूक मित्र है। कुछ आवाज़ ही नहीं करती, और जगत के लिये

जो धागा चाहिये उसे निकालती रहती है। तकली चलाते समय हम सबकुछ देख सकते हैं और सुन सकते हैं। मैं तो यहां तक जाता हूं कि ईश्वर-कृपा होगी तो इस तरह कर्म में जुते हुए रहने से कान भी खुल जाय। लेकिन जब इस तरह कर्मयोगी बनोगे, तब कान की परवाह थोड़ी रहेगी। वानर-गुरु तो जान-बूझ कर कान बंद करता है, क्योंकि आसपास की आवाज़ उसके रास्ते में रुकावट डालती है।"

२३-१०-४४

"मेरी शांति और मेरे विनोद का रहस्य है मेरी ईश्वर, यानी सत्य, पर अचल श्रद्धा। मैं जानता हूं कि मैं कुछ कर नहीं सकता हूं। मुझ में ईश्वर है, वह मुझसे सबकुछ कराता है, तो मैं कैसे दुःखी हो सकता हूं? यह भी जानता हूं कि जो कुछ मुझ से कराता है, मेरे भले के ही लिये है। इस ज्ञान से भी मुझे खुश रहना चाहिये। 'बा' को ईश्वर ले गया सो 'बा' के भले के लिये। इसलिये 'बा' का वियोग मुझे दुःख देनेवाला नहीं होना चाहिये। इस वास्ते विद्या की मृत्यु से तुम्हारा दुःख मानना पाप समझो।"

२४-१०-४४

"शारीरिक काम ज़्यादा करो। पढ़ने का, पढ़ाने का अवश्य करो, लेकिन तकली, चरखा पर खूब काम करो। भाजी साफ़ करो, आश्रम के काम में हिस्सा लो और सब काम करने में ईश्वर के दर्शन करो, क्योंकि ईश्वर सब में भरा है।"

२५-१०-४४

"मेरे लेखों में से जो निकालना है सो निकालो। यह काम अच्छा है। लेकिन शारीरिक परिश्रम खूब उठाना चाहिये। विद्या का स्मरण करना और रोना बहुत हानिकर है। वह स्मरण अच्छा है जो आत्मा को ऊँचे चढ़ाता है, जागृत करता है। आत्मा का स्वरूप सत् (सत्य), चित् (ज्ञान हृदय से मिला हुआ, अनुभवसिद्ध) और आनंद है। आनंद में दोनों की परीक्षा है—आनंद भीतर का, जो बाहर में देखने में आता है।"

२८-१०-४४

"सब ईश्वर करता है और वह जो करता है वह अच्छे के ही लिये है, ऐसा समझ कर आनंद में रहो।"

१३-११-४४

"रोना हँसना दिल में से निकलता है। (मनुष्य) दुःख मान कर रोता है। उसी दुःख को सुख मान कर हँसता है। इसलिये ही रामनाम का सहारा चाहिये। सब उनको अर्पण करना तो आनंद ही आनंद है।"

१६-११-४४

इस प्रकार बापू मेरे उद्विग्न मन की शांति के लिये मुझे हर रोज़ प्रबोध देते थे। उनको मेरे स्वास्थ्य का भी बराबर खयाल रहता था। यद्यपि वह मुझे बार बार कहते थे कि मैं अपने बहिरेपन को "ईश्वर की बख्शीश" समझूं, फिर भी मैं चिंतित रहता था। इस कारण उन्होंने मुझे क़ुदरती इलाज के लिये भीमावरम् भेजने का निर्णय किया। मैं २८ नवम्बर को वहां जाने वाला था और जैसे-जैसे बापू से बिदा होने का समय निकट आ रहा था, मैं एक तरह की व्याकुलता अनुभव करता था। बापू के मीठे संसर्ग का और उनके प्रेरणा देनेवाले उपदेशों का मैं ऐसा आदी हो गया था कि उनसे जुदा होना मुझे कठिन-सा जान पड़ता था। मैं इसी चिंता में था कि मन में एक विचार उठा। कैसा अच्छा हो यदि बापू मेरे लिये हर रोज़ कुछ न कुछ लिखते रहें और मुझे भीमावरम् डाक द्वारा भेजते रहें!

दूसरे दिन सवेरे, मैंने बड़े संकोच के साथ बापू से यह बात कही। बापू ने बड़े ध्यान से मेरी बात सुनी और कहा: "तुम्हारी बात तो अच्छी है, इस पर ज़रूर विचार करूँगा।" दो-तीन दिन के भीतर ही बापू ने लिखना स्वीकार कर लिया। मुझे बेड़ी खुशी हुई। मैंने एक अलबम बना कर उनको दे दिया। २२ अक्तूबर को जब बापू ने अपने प्रसन्न मुख से मुझ से कहा: "आनंद, मैंने तुम्हारे लिये लिखना शुरू कर दिया है, और वह भी २० ता० से", तब मैं खुशी से फूला न समाया, और एकाएक मेरा सिर सच्ची कृतज्ञता से उनके सामने झुक गया। उन्होंने २० ता० का जो विशेष उल्लेख किया, उसका महत्त्व मैं ठीक ठीक समझ गया; क्योंकि उस दिन को मैं बहुत ही पवित्र मानता था और विद्या की याद में हर महीने मनाया करता था। उस दिन (२०-११-४४) से क़रीब दो साल तक बापू रोज़ मेरे लिये और विद्या की स्मृति में एक उपदेश लिखते रहे।

बापू से फिर मेरा मिलना पूना में जून १९४६ में हुआ। वहां एक दिन अकस्मात् मैंने उनसे पूछा कि वह "रोज़ के विचार" लिखते हैं या नहीं। बापू ने अपनी स्वाभाविक मुसकुराहट के साथ अपने सामने पड़ी हुई नोटबुक दिखायी। उस पर उनके पवित्र हाथों से मेरा नाम लिखा हुआ था। उन्होंने कहा: "देखो आनंद, मैंने इस पर तुम्हारा नाम लिख छोड़ा है। तुम्हारे अलबम के काग़ज़ पूरे हो जाने पर मैंने इस पर ही विचार लिखना जारी रखा है।"

यह सुन कर मैं अति प्रसन्न हुआ और जब बापू से उन विचारों के छपवाने की आज्ञा माँगी, तब उन्होंने कहा: "इन में धरा ही क्या है, जो तुम छपवाना चाहते हो? यदि छपवाना ही है तो मेरे मरने के बाद छपवाना। अब क्या जल्दी है? कौन जानता है कि जो कुछ मैं आज लिख रहा हूं, उस पर मैं आखिर दम तक टिक सकूँगा। यदि टिक सका तब तो छपवाना ठीक होगा, नहीं तो नहीं।"

"बापू आप तो १२५ वर्ष ज़िंदा रहेंगे, तब तक मैं तो ज़िंदा नहीं रहूँगा। फिर यह 'विचार' मैं कैसे छपवा सकूंगा?" मैंने हँस कर कहा।

बापू गंभीर होकर बोले: "हां, १२५ वर्ष! अगर मैं इस तरह ईश्वर का काम करता रहा, जैसे कि अब कर रहा हूं, तब तो मुझे ज़िंदा समझो। लेकिन इससे ज़रा भी कम कर पाया तो समझना कि उस दिन से तुम्हारा बापू मरे हुए के बराबर ही है। पता नहीं कितना समय मैं इस तरह ईश्वर का काम कर सकूँगा।"

बापू को इतना गंभीर देख मैं चुप रहा, और इस बात को वहीं छोड़ दिया।

फिर मार्च १९४७ में मुझे "भंगी निवास", दिल्ली, में बापू के साथ १५ दिन रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहां एक दिन मैंने बापू से पूछा कि उन्होंने "रोज़ के विचार" लिखना क्यों बन्द कर दिया था। बापू ने उत्तर दिया: "नवाखाली में हिन्दू-मुसलमानों की एकता के लिये मैंने सबकुछ छोड़ा, जिससे मैं एकचित्त होकर उसकी ज़िम्मेदारी को पूरी तौर से निभा सकूं। आश्रम छोड़ा, 'हरिजन' के लिये लिखना छोड़ा। तब सोचा कि ये विचार लिखना भी क्यों न बंद कर दूं। मैं लिखना बोझ तो समझता ही था। रोज़ रात को काम पूरा होने पर दिल में विचार आता था कि अभी कुछ काम और करना है। मैं कहीं से देख कर भी नहीं लिख सकता था, फिर यह भी खयाल रहता था कि दुबारा वही न लिखूं। इसलिये लिखना बंद ही कर दिया। अब जो मैं रोज़निशी रखता हूं, वह तो जब मैं थक जाता हूं तो

मनू या किसी और को लिखने के लिये कह देता हूं। लेकिन ये 'विचार' तो मुझे अपने ही हाथ से लिखने पड़ते थे न ? इसलिये भी बोझ-सा लगते थे। तो भी अगर तुम को मेर लिखने से कुछ आनंद मिलता है, तो मैं फिर से लिखने के लिये तैयार हूं।"

बापू मेरे जैसे तुच्छ मनुष्य के लिये इतना परिश्रम उठावें, यह बात भला मैं कैसे मान सकता था ! मैंने कहा : "बापू मुझे आनंद तो जरूर मिलता है, मगर मैं यह नहीं चाहता कि मेरे लिये आप को इतना कष्ट उठाना पड़े। मैं देख रहा हूं आप आजकल किस प्रकार काम में लगे हुए हैं। आपने पहले ही मुझ पर बड़ी कृपा की है। अब आशीर्वाद दें कि मेरी ईश्वर पर श्रद्धा बढ़े और अपने को दुःखी न मानूं।"

कुछ दिन के बाद मैंने बापू से फिर 'विचार' छपवाने की आज्ञा माँगी। इस बार बापू ने अपनी अनुमति दे दी, और कहा : "लेकिन अच्छा होगा यदि एक बार सुशीला या प्यारेलाल से उन्हें ठीक करवा लो। इनको सुधारने का समय मैं तो अब नहीं निकाल सकूँगा। अच्छा होगा अगर सुशीला से यह काम कराओ। वह अच्छी तरह समझ सकेगी, क्योंकि जब ये विचार लिखे गये थे वह मेरे साथ बराबर थी। देखो, अगर वह बिस्तर पर पड़ी पड़ी सुधारने का समय निकाल ले।" (सुशीला बहन उस समय मुंबई में अस्पताल में थीं।) उस समय तो इन विचारों को सुशीला बहन से सुधरवाने का अवसर न मिल सका, और इस बीच में वह महान् दुर्घटना घटी जिसके कारण बापू को अपना शरीर तजना पड़ा। फ़रवरी के आरंभ में मैं बापू की अस्थियों के दर्शन के लिये दिल्ली गया था। उस अवसर पर सुशीला बहन ने इन विचारों को पढ़ कर उनमें कुछ थोड़े सुधार किये। इसके लिये मैं उनका आभारी हूं। लेकिन यह कहना अनुचित न होगा कि इन विचारों में दरअसल सुधार की बहुत कम गुंजाइश थी। बापू का यह विचार कि उनकी यह पुस्तक उनकी मृत्यु के बाद प्रकाशित हो, वह भी दैव की करनी से पूरा हुआ !

इन विचारों की जो अपनी सुगंधि है, वह सदा के लिये बापू की याद को जागृत रखनेवाली है। यह 'विचार' एक ऐसे व्यक्ति के हैं, जिसने अपने जीवन में बराबर उन पर अमल करने का प्रयत्न किया है। बापू के जीवन भर की अमर साधना इनके पीछे है। इस कारण इन विचारों का मूल्य हमारे अंकन से परे हो जाता है।

जहां तक मेरा सवाल है, यह 'विचार' मुझे सदा सदा सत्प्रेरणा देते रहेंगे। और यदि मैं अपने जीवन में इन पर कुछ अंशों में भी

चल सका, तो अपना अहोभाग्य मानूँगा। इन्हें अपने ही लिये सुरक्षित रखना मेरे लिये एक तरह की कृपणता होगी। यदि मुझ जैसे शोक-ग्रस्त दूसरे राहियों को इनसे कुछ सांत्वना मिल सके, तो यह मेरे लिये परम संतोष की बात होगी।

पुस्तक का शीर्षक चुनने का स्पष्ट कारण है। बापू के इन विचारों को मैं अपने लिये आशीर्वाद के रूप में मानता हूं। मुझे तनिक भी संदेह नहीं है कि औरों के लिये भी यह ऐसे ही सिद्ध होंगे।

७, एडमान्स्टन रोड, इलाहाबाद
१८ सितम्बर, १९४८

आनंद हिंगोरानी

* * *

पुनश्चः

जैसा मैंने ऊपर बताया है, बापू ने इन विचारों को लिखने का क्रम क़रीब दो साल तक जारी रखा था। इस पहली जिल्द में २० नवंबर, १९४४ से १९ अप्रैल, १९४५ तक के, अर्थात् ५ महीने के दैनिक विचार दिये गये हैं। इसके बाद ऐसी ही तीन और जिल्दें प्रकाशित करने की योजना है और इस तरह लिखे गए विचार चार जिल्दों में पूरे होंगे।

यह मेरे लिये बड़े दुःख की बात है कि बापू इन विचारों को अंग्रेज़ी का रूप न दे सके, जैसा कि उन्होंने मेरे अनुरोध से क़बूल कर लिया था। बापू के इन विचारों को लिखना आरंभ करने के दो-तीन दिन के भीतर ही मैंने बापू से चाहा था कि वह इन का अनुवाद अंग्रेज़ी में कर दें, क्योंकि ऐसा करने से यह 'विचार' सारे संसार के सामने आ सकेंगे। मैंने कहा था कि इनका अनुवाद मैं करके उन्हें दिखाऊँगा और बाद में उसको वह सुधार कर उसे अपने हाथ मे लिख देंगे तो अच्छा होगा। बापू को पहले तो कुछ संकोच हुआ, क्योंकि उन्हें चिंता थी कि वह इतना समय कैसे निकाल सकेंगे। फिर भी उन्हें मेरी बात अच्छी लगी और उन्होंने मुझसे अनुवाद का काम शुरू करने को कहा।

मैं बापू के अनेक कामों को जानते हुए उन पर बहुत बोझ न डाल सकता था। इसलिये मैंने बात जहां की तहां रहने दी। लेकिन पिछली फ़रवरी में, जब मैं दिल्ली में था, मुझे एक ऐसी बात मालूम हुई जिसे जानकर मैं स्तंभित रह गया। बापू किसी भी ज़िम्मेदारी को एक बार लेकर उसके निभाने के लिये कितना फ़िकर रखते थे, यह बात इसका एक मिसाल थी। इसी से उसका बताना आवश्यक हो जाता है। मुझसे राजकुमारी अमृत कौर बहन ने कहा कि चूँकि बापू को फ़ुर्सत न मिल सकी, उन्होंने मेरी इच्छा को पूरी करने के लिये अंग्रेज़ी अनुवाद का काम उन्हीं (राजकुमारी बहन) को सौंप दिया था। राजकुमारी बहन भी काफ़ी कामों में फँसी हुई हैं, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह बापू की इस इच्छा को अवश्य पूरा करने का यत्न करेंगी। इसके लिये उन्होंने मुझसे अनुवाद का एक मसविदा तैयार करने को कहा है। यह ज़ाहिर करते हुए मुझे ख़ुशी होती है कि कुछ काल के बाद अंग्रेज़ी पाठकों के लाभ के लिये यह 'विचार' अंग्रेज़ी भाषांतर में भी प्रकाशित हो जायेंगे, और वैसे ही देश की अन्य भाषाओं में भी।

आ० हिं०

बापुके आशीर्वाद

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

ईश्वरके नाम तो अनेक हैं
लेकिन
एक ही नाम ढूंढें तो वह है सत्, सत्य.
इसलिये
सत्य ही ईश्वर है.

20-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

ईश्वर के नाम तो अनेक हैं
लेकिन एक ही नाम ढूढ़ें
तो वह है सत्, सत्य।
इस लिये सत्य ही
ईश्वर है।

२०-११-४४

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
सत्यके दर्शन बगैर अहिंसाको
हो ही नहीं सकते.
इसीलिये कहता हूं कि
अहिंसा परमोधर्मः
२१-११-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

सत्य के दर्शन बग़ैर अहिंसा के हो
ही नहीं सकते। इसी लिये कहा है
कि अहिंसा परमोधर्मः।

२१-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

सत्यकी शोध और अहिंसाका पालन ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अभय, सर्वधर्म समानत्व, अस्पृश्यता निवारण इ. बगैर हो नहीं सकता.

२२-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम
सत्य की शोध और अहिंसा का पालन
ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अभय, सर्वधर्म
समानत्व, अस्पृश्यता निवारण इत्यादि
बग़ैर हो नहीं सकता।
२२-११-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
ब्रह्मचर्य का अर्थ यही मनसा, वाचा, कर्मणा इंद्रिय निग्रह है.
जो स्त्रीगमन नहीं करता हुआ मनमें विकारमय रहता है वह सच्चा ब्रह्मचारी न माना जाय.
२३-११-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

ब्रह्मचर्य का अर्थ यहां मनसा, वाचा, कर्मणा इंद्रिय निग्रह है। जो स्त्री गमन नहीं करता हूआ मन से विकारमय रहता है, वह सच्चा ब्रह्मचारी न माना जाय।

२३-११-४४

रघुपति राघव राजाराम
ॐ
राम
पतित पावन सीताराम
अस्तेय का अर्थ चोरी नहीं करना
इतना ही नहीं है. जो वस्तुकी हमें
आवश्यकता नहीं है उसे रखना,
चोरी है. चोरी में हिंसा तो भरी है.
२८-११-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

अस्तेय का अर्थ चोरी नहीं करना इतना ही नहीं है। जो वस्तु की हमें आवश्यकता नहीं है उसे रखना, लेना भी चोरी है। चोरी में हिंसा तो भरी है।

२४-११-४४

रघुपति राघव राजाराम — ॐ राम — पतित पावन सीताराम

अपरिग्रह का नतीजा यह है कि
हम कोई चीज का संग्रह न करें
जिसकी हमें आज दरकार नहीं है।

२५-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

अपरिग्रह से मतलब यह है कि हम कोई चीज़ का संग्रह न करें जिसकी हमें आज दरकार नहीं है।

२५-११-४४

अभय में सब प्रकार के डर का अभाव होना चाहिये. मौत का डर, बीमारी का डर, कुटुम्ब का डर, अपमान का डर, शस्त्राघात का डर, भूत प्रेत का डर, किसी के क्रोध का डर — इन सब और ऐसे डरों से मुक्ति, अभय है.

२६-११-४४

अभय में सब प्रकार के डर का अभाव होना चाहिये। मोत का डर, मारपीट का डर, भूख का डर, अपमान का डर, लोक-लाज का डर, भूत प्रेत का डर, किसी के क्रोध का डर—इन सब और ऐसे डरों से मुक्ति, अभय है।

२६-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

जैसे हम अपने धर्मका आदर करते हैं
वैसे ही दूसरे धर्मका करें - मात्र सहिष्णुता
पर्याप्त नहीं है।

27-11-47

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
जैसे हम अपने धर्म को आदर देते हैं
ऐसे ही दूसरे धर्म को दें—मात्र सहिष्णुता
पर्याप्त नहीं है ।
२७-११-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

अस्पृश्यता निवारण के मानी हरिजनों को
छूना इतना ही नहीं लेकिन उनको हमारे
रिश्तेदारों जैसे समझना अर्थात जैसे हमारे
भाई बहनों को वर्तते हैं ऐसे उनको वर्तना.
न कोई ऊंच है न कोई नीच.

२८-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

अस्पृश्यता निवारण के मानी हरिजनों को छूना इतना ही नहीं, लेकिन उनको हमारे रिश्तेदारों जैसे समझना अर्थात जैसे हमारे भाई बहनों से वर्तते हैं ऐसे ही उनसे वर्तना। न कोई ऊंच है, न कोई नीच।

२८-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापु के आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ श्री राम पतित पावन सीताराम

योगश्चित्तवृत्ति निरोधः

यह पातंजल योगदर्शनका पहला सूत्र है. योग चित्तवृत्तिका निरोध है, यानि हमारे दिलमें उठते तरंगों पर अंकुश रखना, उसे दबा देना यह योग हुआ.

२९-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः

यह पातंजल योग दर्शन का पहला सूत्र है। योग चित्तवृत्ति का निरोध है, यानी हमारे दिल में उठते तरंगों पर अंकुश रखना, उसे दबा देना, यह योग हूआ।

२९-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

जिसके चित्तमें तरंग उठते ही रहते हैं वह सत्यके दर्शन कैसे कर सकता है? चित्तमें तरंगका उठना समुद्रके तुफान जैसा है. तुफानमें जो सुकानी सुकान पर काबू रख सकता है वह सलामत रहता है. ऐसे ही चित्तकी अशांतिमें भगवाननामका आश्रय लेनेसे वह जीत जाता है.

२०-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

जिस के चित्त में तरंग उठते ही रहते हैं
वह सत्य के दर्शन कैसे कर सकता है।
चित्त में तरंग का उठना समुद्र के तुफ़ान
जैसा है। तुफ़ान में जो सुकानी सुकान
पर काबू रख सकता है वह सलामत रहता
है। ऐसे ही चित्त की अशांति में जो
रामनाम का आश्रय लेता है वह जीत
जाता है।

३०-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापु के आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

"वृत्तन् की मत ले"[1] भजन मनन करने योग्य है। वह तपता है और हमको शीतलता देता है। हम क्या करते हैं?

१-१२-४४

[1] देखिये परिशिष्ट नं० १।

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

मिथ्याज्ञान का हम इनकार करते हैं। मिथ्याज्ञान वह है जो हमको सत्य से दूर रखता है या करता है।

2-12-44

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ रे राम पतित पावन सीताराम

मिथ्या ज्ञान से हम हमेशा डरते रहें।
मिथ्या ज्ञान वह है जो हमको सत्य से दूर
रखता है या करता है।

२-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

सत्यके शोधक के लिये संतों का
चरित पढ़ना और उसका मनन करना
आवश्यक है.
३-१२-४४

सत्य के दर्शन के लिये संतों का
चरित पढ़ना और उसका मनन
करना आवश्यक है।

३-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम
जब भगवान् निज मुखसे कहते हैं वे
सब प्राणीमें विहार करते हैं तो हम किससे
वैर करें? (अमुक भजनका अनुवाद)
४-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जब भगवान् निज मुख से कहते हैं वे सब प्राणी में विहार करते हैं तो हम किस से वैर करें ? (आज के भजन का अनुवाद)[1]

४-१२-४४

[1] देखिये परिशिष्ट नं० २।

मीराबाईके जीवनमें हम बडी बात यह देखते हैं कि उसने भगवान् के लिये अपना सब कुछ छोड़ा-पाया.

५-१२-४४

मीराबाई के जीवन से हम बड़ी बात
यह सीखते हैं कि उसने भगवान् के लिये
अपना सबकुछ छोड़ा—पति भी।

५-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

सत्यार्थी मनुष्य क्या नहीं कर सकता!
सबकुछ कर सकता है।

६-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

श्रद्धा से मनुष्य क्या नहीं कर सकता ?
सबकुछ कर सकता है।

६-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
श्रद्धावान मनुष्य पहाड़ों को उल्लंघन करता है।
७-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम

हे राम

पतित पावन सीताराम

श्रद्धा से मनुष्य पहाड़ों को उलंघन
करता है।

७-१२-४४

ईश्वर अल्लाह तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

जो मनुष्य किसी एक चीज पर एकनिष्ठासे काम करता है वह आखिर सब चीजोंकी शक्ति हासिल करेगा.

८-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
जो मनुष्य किसी एक चीज़ पर एकनिष्ठा
से काम करता है वह आखीर सब चीज़
करने की शक्ति हासल करेगा।
८-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

सच्चा सुख बाहरसे नहीं मिलता है
अंदरसे ही मिलता है.

९-१२-४४

सच्चा सुख बाहर से नहीं मिलता है,
अंतर से ही मिलता है।

९-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
জিসনে আপনাপন খোয়া উসনে সব খোয়া।
১০-১২-৪৬
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जिसने अपनापन खोया उसने सब
खोया।

१०-१२-४४

सीधा रास्ता जैसा सरल है ऐसा ही कठिन है. ऐसा न होता तो सब सीधा रास्ता ही लेते.

११-१२-४४

सीधा रास्ता जैसा सरल है ऐसा ही कठिन है। ऐसा न होता तो सब सीधा रास्ता ही लेते।

११-१२-४४

"दया धरमका मूल है" ऐसा तुलसीदासजीने कहा है और कहते हैं "तुलसी दया न छांडीये जब लग घटमें प्राण." हम सब दयाको छोडकर कैसे दया करें, और किस पर?

११-११-४७

"दया धर्म का मूल है"—ऐसा तुलसीदास जी ने कहा है और कहते हैं: "तुलसी दया न छांड़िये जब लग घट में प्रान।" हम सब दया के भिक्षुक कैसे दया करें, और किस पर ?

१२-१२-४४

एक बहनने कहा "मैं प्रार्थना करती थी और अब छोड़ दी है।" मैंने पूछा "क्यों?" उन्होंने उत्तर दिया "क्योंकि मैं दिलको धोखा देती थी।" उत्तर तो ठीक ही है लेकिन धोखा देना छोड़े, प्रार्थना क्यों छोड़े!

१३-१२-४४

एक बहन ने कहा: "मैं प्रार्थना करती थी, अब छोड़ दी है।" मैंने पूछा: "क्यों?" उसने उत्तर दिया: "क्योंकि मैं दिल को धोका देती थी।" उत्तर तो ठीक ही है लेकिन धोका देना छोड़े, प्रार्थना क्यों छोड़े?

१३-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान
१४-११-৪৭

कल का भजन बहुत मीठा और मननीय था। उसका सार यह है। भगवान् न मंदिर में है, न मस्जीद में; न भीतर है न बाहर; कहीं है तो दीन जनों की भूख और प्यास में है। चलो, हम उनकी भूख और प्यास मिटाने के लिये नित्य कातें या ऐसी जात मेहनत उनके निमित्त रामनाम लेकर करें।

101969

१४-१२-४४

ॐ हे राम

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

क्या बात है कि हम सामान्यतया भी झूठ से नहीं बचते भले वह शर्म या डर के मारे क्यों न हो। क्या अच्छा यह नहीं होगा कि हम मौन ही धारण करें या आपस २ में निडर होकर जैसा हमारे दिल में है वैसा ही कहें?

१५-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

थोड़ा सा झूठ भी मनुष्य का
नाश करता है जैसे दूध को एक
बूंद ज़हर भी ।

१६-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापु के आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
सही चीजको पीछे वक्त देना इसको रचना है, निकम्मी को पीछे खुवार होते हैं और पछताते हैं।।
१७-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापूके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
सही चीज़ के पीछे वक्त देना हमको
खटकता है, निकम्मी के पीछे ख्वार होते
हैं और खुश होते हैं !!!
१७-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
"आदमको खुदा न बना सके, आदम
खुदा नहीं लेकिन खुदा के नूर से
आदम जुदा नहीं।"
१८-१२-४८
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापू के आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

"आदम को खुदा मत कहो, आदम खुदा नहीं; लेकिन खुदा के नूर से आदम जुदा नहीं ।"

१८-१२-४४

संतोंकी वाणी सुना, शास्त्र पढ़े, विद्वान हुआ, लेकिन अगर ईश्वरको हृदय में स्थान नहीं दिया तो कुछ नहीं किया.

१९-१२-४७

संतों की वाणी सुनो, शास्त्र पढ़ो, विद्वान हो लो, लेकिन अगर ईश्वर को हृदय में स्थान नहीं दिया तो कुछ नहीं किया।

१९-१२-४४

मुक्ति तो हम ~~सब~~ सब चाहते हैं लेकिन इसका अर्थ ठीक हम शायद नहीं जानते हैं. एक अर्थ तो यह है कि सब पापों से छुटकारा पाना.

२०-१२-४४

मुक्ति तो हम सब चाहते हैं, लेकिन उसका अर्थ ठीक २ हम शायद नहीं जानते हैं। एक अर्थ तो यह है कि जन्म मरण से छुटकारा पाना।

२०-१२-४४

भक्तकवि नरसैंयो कहते हैं, हरिजन तो मुक्ति न मांगे, मांगे जनमोजनम अवतार रे। इस दृष्टि से देखें तो मुक्ति कुछ और रूप लेती है।

२२-११-४४

भक्त-कवि नरसैंयो कहते हैं : "हरिना जन तो मुक्ति न मांगे, मांगे जनमोजनम अवतार रे।" इस दृष्टि से देखें तो 'मुक्ति' कुछ और रूप लेती है।

२१-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

अनासक्तिकी पराकाष्ठा गीताकी मुक्ति है
और वही अर्थ हम ईशोपनिषद्के पहले मंत्र
में पाते हैं

२२-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

अनासक्ति की पराकाष्टा गीता की मुक्ति है और वही अर्थ हम ईशोपनिषत् के पहले मंत्र में पाते हैं।

२२-१२-४४

अनासक्ति कैसे बढ़े? सुख और दुःख, दोस्त और दुश्मन, हमारा और दूसरोंका—सब समान समझनेसे अनासक्ति बढ़ती है. इसीको अनासक्तिका दूसरा नाम कह सकते हैं.

२३-११-४४

अनासक्ति कैसे बढ़े ? सुख और दुःख, दोस्त और दुश्मन, हमारा और दूसरों का—सब समान समझने से अनासक्ति बढ़ती है । इसलिये अनासक्ति का दूसरा नाम समभाव है ।

२३-१२-४४

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापु के आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जैसे बिंदु का समुदाय समुद्र है, इसी तरह हम मैत्री करके मैत्री का सागर बन सकते हैं। और जगत् में सब एक दूसरों से मित्र भाव से रहें तो जगत् का रूप बदल जाय।

२४-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

आज क्रिसमस दिन है. हम जो सब धर्मों की समानता मानते हैं उनके लिये ईसा मसीह का जन्मदिन हमारी माननीय है जैसा रामकृष्णादिका.

२५-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

आज क्रिसमस दिन है। हम जो सब धर्मों की समानता मानते हैं, उनके लिये ईसा मसीह का जन्म ऐसा ही माननीय है जैसा राम कृष्णादि का।

२५-१२-४४

बीमारी मात्र मनुष्यके लिये शरमकी बात होनी चाहिये. बीमारी किसी भी दोषकी सूचक है। जिसका तन और मन सर्वथा स्वस्थ है उसे बीमारी होनी नहीं चाहिये.

२५-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम   पतित पावन सीताराम

बीमारी मात्र मनुष्य के लिये शर्म की बात होनी चाहिये। बीमारी किसी भी दोष की सूचक है। जिसका तन और मन सर्वथा स्वस्थ है, उसे बीमारी होनी नहीं चाहिये।

२६-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
विकारी विचार भी बीमारी की
निशानी है. इसलिये हम सब विकारी
विचार से बचते रहें.
२७-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

विकारी विचार भी बीमारी की निशानी है। इसलिये हम सब विकारी विचार से बचते रहें।

२७-१२-४४

विकारी विचार से बचने का एक अमोघ उपाय — रामनाम — है। नाम कंठसे ही नहीं किंतु हृदयसे निकलना चाहिये।

२८-१२-४४

विकारी विचार से बचने का एक अमोघ
उपाय—रामनाम—है। नाम कंठ से ही
नहीं, किंतु हृदय से निकलना चाहिये।

२८-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम — पतित पावन सीताराम

व्याधि अनेक हैं, वैद्य अनेक हैं, उपचार भी
अनेक हैं। अगर व्याधि को एक ही देखें
और उसको मिटानेवाला वैद्य एक राम ही
है ऐसा समझें तो बहुत सी झंझटों से
हम बच जायें।

२९-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापु के आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

व्याधि अनेक हैं, वैद्य अनेक हैं, उपचार भी अनेक हैं। अगर व्याधि को एक ही देखें और उसको मिटानेहारा वैद्य एक राम ही है ऐसा समझें, तो बहुत सी झंझटों से हम बच जाँय।

२९-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सन्मति दे भगवान

बापुके आशीर्वाद

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

आश्चर्य है वैद्य मरते हैं, डाक्टर मरते हैं. उनके पीछे हम भटकते हैं. लेकिन राम जो मरता नहीं है, हमेशा जिंदा रहता है और अचूक वैद्य है उसे हम भूल जाते हैं.

२०-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

आश्चर्य है वैद्य मरते हैं, डाक्टर मरते हैं, उनके पीछे हम भटकते हैं। लेकिन राम जो मरता नहीं है, हमेशा ज़िंदा रहता है और अचूक वैद्य है उसे हम भूल जाते हैं।

३०–१२–४४

रघुपति राघव राजाराम — ॐ हे राम — पतित पावन सीताराम

इससे भी आश्चर्य यह है कि हम जानते हैं कि हम भी मरनेवाले तो हैं ही, फिर कई तो वैद्यादि की दवाएँ शायद हम आठों दिन और रात खाते हैं और इस लिये रुग्णवत् होते हैं.

३१-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

इस से भी आश्चर्य यह है कि हम जानते हैं कि हम भी मरने वाले तो हैं ही, बहुत करें तो वैद्यादि की दवा से शायद हम थोड़े दिन और काट सकते हैं और इस लिये ख्वार होते हैं।

३१-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम — हे राम — पतित पावन सीताराम

इसी तरह बूढ़े, बच्चे, जवान, धनिक, गरीब,
सबको मरते हुए पाते हैं तो भी संतोषसे
बैठना नहीं चाहते हैं, लेकिन थोड़े दिन
जीनेके लिये रामको छोड़ सब प्रयत्न करते हैं.

२-२-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

इसी तरह बूढ़े, बच्चे, जवान, धनिक, ग़रीब, सब को मरते हुए पाते हैं तो भी संतोष से बैठना नहीं चाहते हैं, लेकिन थोड़े दिन जीने के लिये राम को छोड़ सब प्रयत्न करते हैं।

१-१-४५

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
कैसा अच्छा हो कि इनका समझकर
इन सब गरीबोंसे दूर करना खादी आदि
उनकी भी व्यवहार करें और ~~अपने~~ अपना
जीवन आनंदमय बनाकर व्यतीत करें.
२-१-४५
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

कैसा अच्छा हो कि इतना समझ कर हम राम भरोसे रह कर जो व्याधि आवे उसको भी बरदाश्त करें और अपना जीवन आनंदमय बनाकर व्यतीत करें !

२–१–४५

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम

शरीरधारी महादेव को शरीर से और उसके लेखों से ही हम देखते थे। यह एक ही बात हुई। देहातीत महादेव सर्व-व्यापी है और उसके गुणों से हम उसको पहचान सकते हैं और इस में सब एकसा शरीक हो सकते हैं। किसी को ज़्यादा कम विभाग नहीं मिल सकता है।

३-१-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

जन्म और मरण शायद एक ही सिक्के की दो बाजू नहीं हैं? एक तरफ देखो तो मरण और दूसरी तरफ जन्म. इसमें दुःख क्या? हर्ष क्यों?

४-२-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

जन्म और मरण शायद एक ही सिक्के की दो बाजू नहीं हैं ? एक तरफ़ देखो तो मरण और दूसरी तरफ़ जन्म। इस से दुःख क्यों ? हर्ष क्यों ?

४-१-४५

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

जो जन्म मरण की बात सही होय तो,
और है, तो हम क्यों मृत्यु से गभराते हैं
दुःखी होते, और जन्मसे खुश होते? प्रत्येक
मनुष्य यह समझकर अपने कार्य करे.

५-२-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

जो जन्म मरण की बात सही होय तो और है, तो हम क्यों मृत्यु से ज़रा भी डरें, दुखी हों, और जन्म से खुश हों ? प्रत्येक मनुष्य यह सवाल अपने साथ करे।

५-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
ॐ हे राम
पतित पावन सीताराम
जगत द्वंद्वसे भरपूर है. सुख के पीछे दुःख रहा है, दुःख के पीछे सुख, धूप है तो छाया भी है, प्रकाश है तो अंधेरा भी, जन्म है तो मृत्यु भी. इस द्वंद्वसे छुटना, आत्मा सत्य है. द्वंद्व को जीतने का उपाय द्वंद्व को मिटाना नहीं है, अलबत्त द्वंद्वातीत बनना होता है.
६-१-४६
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जगत् द्वंन्द से भरपूर है। सुख के पीछे दुःख रहा है, दुःख के पीछे सुख। धूप है तो छाया भी है, प्रकाश है तो अंधेरा भी, जन्म है तो मृत्यु भी। इस द्वंन्द से हटना अनासक्ति है। द्वंन्द को जीतने का उपाय द्वंन्द को मिटाना नहीं है, लेकिन द्वंन्दातीत्, अनासक्त होना है।

६-१-४५

रघुपति राघव राजाराम — हे राम — पतित पावन सीताराम

यह मैं देख सकता हूँ कि सब की कुंजी सत्य की आराधना में है। सत्य की उपासना से सब चीज़ मिलती है.

७-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापु के आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

यह पीछे का बताता है कि सब की कूंजी
सत्य की आराधना में है। सत्य की
उपासना से सब चीज़ मिलती है।

७-१-४५

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

तब सत्यकी आराधना कैसे हो? सत्य
कौन जानता है? यहां सापेक्ष सत्यकी
बात है. जिसको इस सत्यका पता दिखे वह सत्य.
इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा
अनुभवको प्रतीत होगा.

८-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

तब सत्य की आराधना कैसे हो ? सत्य कौन जानता है ? यहां सापेक्ष सत्य की बात है। जिसे हम सत्य रूप से देखें वह सत्य। इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा अनुभव से प्रतीत होगा।

८-१-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

सब सत्य की आराधना करें तो? सत्य
कौन जानता है? यहां सापेक्ष सत्य की
बात है. जिसे हम सत्यरूप समझें वह सत्य.
इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा
अनुभवमें प्रतीत होगा।

८-१-४५

तब सत्य की आराधना कैसे हो ? सत्य कौन जानता है ? यहां सापेक्ष सत्य की बात है। जिसे हम सत्य रूप से देखें वह सत्य। इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा अनुभव से प्रतीत होगा।

८-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम

मानता हूं कि आदमी सच कहनेसे क्यों डरता है? हाकिमको मारे? किसका डर? हाकिम ऊपर है तो क्या? नौकर हूं तो क्या? बात यह है कि आदत आदमीको दबा जाती है। हम [illegible] और बुरी आदतसे छूट जायं.

२-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जानता हुआ आदमी सत्य कहने से क्यों झीझकता है ? शर्म के मारे ? किसकी शर्म ? ऊपरी है तो क्या ? नौकर है तो क्या ? बात यह है कि आदत आदमी को खा जाती है। हम सोचें और बुरी आदत से छूट जाँय।

९-१-४५

रघुपति राघव राजाराम — ॐ हे राम — पतित पावन सीताराम

छूटें नहीं तो सत्यके रास्ते पर नहीं जा
सकते हैं. बात यह है कि सत्यके लिये
सब कुछ कुरबान करें. हम हैं ऐसा दीखना
नहीं चाहते, जो हम हैं उनसे बहेतर दीखना
चाहते हैं. कैसा अच्छा हो अगर हम जैसे
हैं तो वैसे दीखें. अगर ऊंचे होना चाहें तो
ऊंचे काम करें, ऊंचे विचार करें. लोगोंके डरके
तो मत भी बड़े दीखें. काहेको ? ...
तब ऊंचे जायेंगे.

१०-८-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

छूटें नहीं तो सत्य के रासते पर नहीं जा सकते हैं। बात यह है कि सत्य के लिये सब कुछ कुरबान करें। हम हैं ऐसा दीखना नहीं चाहते, लेकिन हैं उससे बेहतर दीखना चाहते हैं। कैसा अच्छा हो अगर हम नीच हैं तो नीच दीखें, अगर ऊंच होना चाहें तो ऊंच काम करें, ऊंच विचारें! ऐसा न हो सके तो भले नीच ही दीखें। कोई रोज़ तब ऊंचे जाँयगे।

१०-१-४५

ॐ राम

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

मैं जो अनुभव करता हूं, चाहता हूं कि आप भी अपने आप अपने हृदय में ईश्वर को पहचान लें।

११-१-४८

ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सन्मति दे भगवान

बापूके आशीर्वाद

जैसे अनुभव लेता हूं, पाता हूं कि
आदमी अपने आप अपने सुख दुःख का
कारण है।

११-१-४५

रघुपति राघव राजाराम ॐ श्री राम पतित पावन सीताराम

ऐसा होते हुए आदमी सुखी दुःखी
क्यों होता है?

२२-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

ऐसा होते हुए आदमी सुखी दुःखी क्यों
होता है ?

१२-१-४५

रघुपति राघव राजाराम   पतित पावन सीताराम

